भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1091 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 5 दिसंबर, 2025/14 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाना है

केंद्रपाड़ा में नदी या अंतर्देशीय पत्तन विकास

†1091 श्री बैजयंत पांडा :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने मैरीटाइम इंडिया विजन 2030 के अंतर्गत ओडिशा में केंद्रपाड़ा के तटीय क्षेत्र में नदी या अंतर्देशीय नई बंदरगाह सुविधा स्थापित करने के लिए कदम उठाए हैं,

(ख) यदि हां, तो परियोजना की अनुमानित लागत, प्रस्तावित क्षमता, पूर्णता की अपेक्षित समय-सीमा और कार्यान्वयन मॉडल क्या है,

(ग) मंजूरी, ज़मीन अधिग्रहण की स्थिति और इंफ्रास्ट्रक्चर लिंकेज (सड़क/ रेल कनेक्टिविटी और ड्रेजिंग योजना) का ब्यौरा क्या है जो पहले ही पूरा हो चुका है या निर्माणाधीन है, और

(घ) क्या इस परियोजना से केंद्रपाड़ा जिले और आस-पास के इलाकों में स्थानीय रोज़गार और औद्योगिक अवसर सृजित होने की उम्मीद है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (घ): जी नहीं। हालांकि, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) जो पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय का एक स्वायत्त संगठन है, ने केंद्रपाड़ा जिले से होकर गुजरने वाली तालचेर कोयला क्षेत्र के माध्यम से कोयले के उत्खनन के लिए राष्ट्रीय जलमार्ग- 5 (ब्राह्मणी- खरसुआ- तांतिघाई- पंडुआ नाला- दुधेई नाला- कानी धामरा – नदी प्रणाली का तालचेर- धामरा खंड) के विकास हेतु परियोजना रिपोर्ट तैयार की है।

*****